घरेलू उत्पादों के भारतीय बाजार में यूपी के उभरते हुए अवसर

लखनऊ। लखनऊ भारत में उभरते रिटेल मार्केट में से एक है। एचजीएच इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण रुंगटा ने लखनऊ एवं यूपीके उपलब्ध अवसरों पर चर्चा करते हुए बुधवार को बताया कि भारत के सबसे बड़े एवं प्रसिद्ध हस्तकला केन्द्र, जिन्होनें अपने अनोखे उत्पादों से विश्व के होम डेकोर, होम टेक्सटाइल्स एवं हाउसवेयर बाजारों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है उत्तर प्रदेश में स्थित है। बताया कि यूपी समेत पूरे देश व दुनिया के करीब 6000 से अधिक कारोबारी दो से चार जुलाई को मुंबई में आयोजित तीन दिवसीय व्यापार मेला में अपन उत्पादों के साथ मौजूद होंगे। जिसमें यूपी के भी करीब 70 से 80 कारोबारी भी अपने उत्पदों को प्रदर्शित करेंगे और दुनिया भर में उसकी बिक्री की जाएगी। इसमें लखनऊ की चिकनकारी, मुरादाबाद का ब्रास मेटल वर्क, सहारनपुर की लकड़ी पर नक्काशी, फिरोजाबाद की के कॉच के सामान, भदोही के हस्तनिर्मित गलीचे, कानपुर के चमड़े के उत्पाद तथा आगरा का संगमरमर के सामान पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। इनकी बिक्री करने के साथ ही कारोबारी दुनिया भर के अन्य उत्पाद भी खरीद सकेंगे। बताया कि उत्तर प्रदेश के पास भारत के घरेलू उत्पादों के बाजार में दौहरे अवसर हैं। एक तरफ लखनऊ एवं कानपुर जैसे शहर इन उत्पादों के उपभोक्ता एवं रिटेल केंद्र बन सकते हैं तो दूसरी ओर यूपी के हस्त कला केंद्र भारत भर के बड़े आपूर्तिकर्ता बन सकते हैं। बताया कि हम उत्तर प्रदेश के सर्वोत्तम उत्पादों को देशभर के रिटेलर्स एवं होलसेर्ल तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

डेली न्यूज एक्टिविस्ट, लखनऊ, 07–मार्च 2019